हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने दिए निर्देश दो दिन में नालों की सफाई का कार्य करें पूरा

जयपुर। मानसून की शुरूआत के साथ ही हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा शहर में नालों की सफाई का लगाातार निरीक्षण कर जायजा ले रहे है। ऐसे में शनिवार को आयुक्त सुराणा ने हवामहल जोन में आने वाले नालों की सफाई व्यवस्था देखी। इस दौरान आयुक्त सुराणा ने दिल्ली रोड पर नाग तलाई नाले के तीन प्वाइंट का निरीक्षण किया। जिसमें पुलिया नम्बर दो, गंगापोल नाला और फकीरों की डूंगरी नाले का निरीक्षण किया। इन प्वाइंट पर नाले की सफाई व्यवस्था देख वे संतुष्ट हुए। वहीं आयुक्त ने वार्ड नम्बर 18 और 19 में बने नालों की स्थिति भी देखी। आयुक्त ने बंधा बस्ती, पशुपतिनाथ कॉलोनी, चांदमारी बट्ट नाले में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इन जगहों पर सफाई पूरी नहीं होने पर आयुक्त ने गैराज शाखा को दो दिन में नाले साफ कराने के निर्देश दिए।

नहीं होगा चांदी की टकसाल पर जलभराव

इसके अलावा आयुक्त सुराणा ने मोती कटला बाजार में बने नए नालों के निर्माण को देखा, साथ ही काले हनुमानजी मंदिर के बाहर बन रहे नए नाले का भी निरीक्षण किया। आयुक्त ने निरीक्षण के बाद बताया कि परकोटे के बाजारों का सबसे ज्यादा पानी चांदी की टकसाल पर ही आता है। ऐसे में हेरिटेज निगम द्वारा बनाए जा रहे नए नाले के बाद काले हनुमानजी मंदिर पर जलभराव की समस्या खत्म हो जाएगी। आयुक्त सुराणा ने अन्य क्षेत्रों में भी जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण किया। निगम के अधिकारियों को व्यापाक प्रबंध करने के निर्देश दिए। साथ ही कुछ क्षेत्रों में नाले के किनारे पर हो रही टूट कृ फूट की मरम्मत भी जल्द कराने के निर्देश दिए। आयुक्त के निरीक्षण के दौरान एक्सईन हवामहल महेन्द्र सिंह, गैराज शाखा के अधिकारी मुकेश कुमार सहित अन्य निगम अधिकारी भी मौजूद रहे।

Fashion Point

HOTEL AR 62

शिफा क्लिनिक
हिजामा एण्ड कपिंग थेरेपी
शिफा
क्लिनिक

RAJPUTANA TEXTILE

RJ14 CY

राजस्थान स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लि.
STATE CO-OPERATIVE BANK LTD.
APEX BANK

ठिकाना मन्दिर
श्री काले हनुमान जी